भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1555 का उत्तर

जबलपुर-नैनपुर रूट पर दुर्घटनाएं

1555. डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत जबलपुर-नैनपुर मार्ग पर संकरी लाइन होने के कारण कोई रेल दुर्घटना हुई है;

(ख) यदि हां, तो क्या नैनपुर जंक्शन को रेल मंडल का कार्यालय बनाने का प्रस्ताव उस समय था;

(ग) उक्त प्रस्ताव को अभी तक कार्यान्वित न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या निकट भविष्य में इसे कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): नैनपुर स्टेशन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया-नैनपुर-जबलपुर खंड पर स्थित है जो जबलपुर से लगभग 120 किलोमीटर दूर है। जबलपुर क्षेत्रीय और मंडल मुख्यालय है। गोंदिया-नैनपुर-जबलपुर, जोकि छोटी लाइन है, को 2015 में पहले ही बड़ी लाइन में परिवर्तित किया जा चुका है। वर्तमान में, नैनपुर में मंडल कार्यालय स्थापित करने का कोई विचार नहीं है।

*****